Title: Need to provide financial assistance and other basic facilities to the people residing at Indo-Pak border in J & K.*

वैद्य विष्णु दत्त शर्मा (जम्मू) : जम्मू कश्मीर स्टेट की अंतरराष्ट्रीय सीमा पर पाकिस्तान की नित्य प्रति गोलीबारी के कारण कितने ही लोग मारे जा चुके हैं और पशुओं के मरने की संख्या कहीं अधिक है। गोलीबारी के कारण सीमा पर खेती बाड़ी सम्भव नहीं हो पा रही। अतः भयंकर बेरोजगारी और फाकाकशी की हालत है। भारत सरकार से प्रार्थना है कि सीमा पर रहने वाली जनता की सुरक्षा के लिए उनके घरों में बंकर बनवाए जाएं और उन्हें सिविल डिफैंस (नागरिक सुरक्षा) का शिक्षण दिया जाए। इसके अतिरिक्त ग्राम सुरक्षा समितियों का गठन कर उन्हें शस्त्र दिए जाएं ताकि उनका साहस बढ़े तथा उग्रवादियों का सीमा में प्रवेश और मादक द्रव्यों की तस्करी रुक जाए। ऐसी दुर्दशा में कुछ एक क्षेत्र को छोड़ कर सारी सीमा पर रहने वाले लोगों को आर्थिक सहायता अत्यन्त आवश्यक है तथा सीमा पर रहने वाले लोगों को कम मूल्य पर आटा, चावल तथा अन्य खाद्य पदार्थ पहुंचाया जाए।